Regd/Posted

प्रेषक,

संयुक्त शिक्षा निदेशक,
सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर।

सेवा में,

शिक्षा निदेशक (माध्यमिक),
शिविर कार्यालय 18 पार्क रोड,
लखनऊ।

पत्रांक: एन0ओ0सी0/ /2000-2001 दिनांक 29-3-2001

विषय: खालसा पब्लिक स्कूल, खालसा गार्डन, नवीननगर, सहारनपुर को सी0बी0एस0ई0 नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु उ0प्र0 शासन द्वारा अनापत्ति प्रमाण-पत्र के सम्बन्ध में स्थलीय निरीक्षण आख्या का प्रेषण।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक खालसा पब्लिक स्कूल, खालसा गार्डन, नवीननगर, सहारनपुर को सी0बी0एस0ई0 नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु उ0प्र0 शासन से अनापत्ति प्रमाण-पत्र के सम्बन्ध में प्राप्त आवेदन-पत्र एवं अन्य संलग्न समस्त पत्रजात तथा विद्यालय की स्थलीय निरीक्षण आख्या दो प्रतियों में इस पत्र के साथ संलग्न कर आपकी सेवा में प्रेषित है।

संलग्न-उक्तवत्।

भवदीय

(कु0 परमेश्वरी शर्मा)
संयुक्त शिक्षा निदेशक,
सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर।

पृ0सं0/एन0ओ0सी0/ 11359-60 /2000-2001 उसी तिथि को।

प्रतिलिपि प्रबन्धक/प्रधानाचार्य, खालसा पब्लिक स्कूल, खालसा गार्डन, नवीननगर, सहारनपुर को सूचनार्थ प्रेषित।

(कु0 परमेश्वरी शर्मा)
संयुक्त शिक्षा निदेशक,
सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर।

प्रबन्धक
खालसा पब्लिक हाई स्कूल
खालसा गार्डन, नवीन नगर स0पुर

खालसा पब्लिक स्कूल, खालसा गार्डन, नवीननगर, सहारनपुर को सी०बी०एस०ई०नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु उ०प्र०शासन द्वारा अनापत्ति प्रमाण-पत्र के सम्बन्ध में विद्यालय का स्थलीय निरीक्षण आख्या का प्रेषण ।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | स्थलीय निरीक्षण की तिथि: | 31-1-2001 |
| 2. | विद्यालय की स्थापना का वर्ष: | 1-7-2000 |
| 3. | आवेदन-पत्र प्रेषित करने की तिथि: | 8-8-2000. |
| 4. | आवेदन-पत्र का शुल्क: | ट्रेजरी चालान सं०टी०-7 दिनांक: 19-7-2000के द्वारा रु०1000/-जमा ट्रेजरी चालान मूल रूप में संलग्न है। |
| 5. | सोसायटी का संचालन/पंजीकरण संख्या एवं तिथि: | खालसा एजुकेशनल सोसायटी, सहारनपुर सोसायटी रजि०एक्ट-21, 1860 पंजीकरण सं०43 9/99-2000 दिनांक: 22-11-2000 सोसायटी के नवीनीकरण की आवश्यकता है तथा सोसायटी पंजीकरण दिनांक: 22-11-2004 तक विधि मान्य है । (सोसायटी पंजीकरण प्रमाण-पत्र की छाया प्रति संलग्न है) |
| 6. | सोसायटी के प्रबन्धाधिकरण का गठन: | सोसायटी के प्रबन्धाधिकरण का गठन किया गया है। सोसायटी प्रबन्धाधिकरण के पदाधिकारियों/सदस्यों की सूची, सोसायटी मेमोरेन्डम की प्रति व सम्बन्धी न होने का शपथ-पत्र की प्रति संलग्न है । |
| 7. | विद्यालय की रेल/बस स्टेशन से दूरी एवं किस सीमा क्षेत्र में स्थित है । | विद्यालय नगरपालिका परिषद क्षेत्र के अन्तर्गत स्थित है तथा रेल/बस स्टेशन की दूरी 2कि०मी० है । |
| 8. | नगर क्षेत्र में 1कि०मी०की परिधि में स्थित अन्य विद्यालय: | 1. इन्फेन्ट जीसस स्कूल, सहारनपुर आई०सी०एस०ई०नई दिल्ली से सम्बद्ध 2. रेनबो स्कूल, सहारनपुर सी०बी०एस०ई०नई दिल्ली से सम्बद्ध |
| 9. | विद्यालय का उद्देश्य: | विद्यालय में सह शिक्षा प्रणाली लागू है। विद्यालय का सत्र अप्रैल से मार्च तक है। विद्यालय का स्वरूप दिया है । |
| 10. | विद्यालय की अन्य परिषद/बोर्ड से सम्बद्धता: | विद्यालय बेसिक शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त है । |
| 11. | विद्यालय की छात्र संख्या: | विद्यालय छात्र संख्या प्रपत्र पर संलग्न है । |
| 12. | विद्यालय भूमि/भवन निजी/किराये का है: | विद्यालय का भूमि/भवन 30वर्ष के किराये पर है(किरायानामा संलग्न) तथा विद्यालय की स्थापना हेतु नगर क्षेत्र से बाहर ग्रामीण क्षेत्र में 7840वर्ग मी० भूमि भी 30वर्ष के किराये पर भी उपलब्ध है(किरायानामा प्रमाणित/संलग्न है) |

Ravinder
प्रबन्धक
खालसा पब्लिक हाई स्कूल
खालसा गार्डन, नवीन नगर स०पुर

......2

| | |
|---|---|
| 13. विद्यालय में उपलब्ध भूमि/भवन का क्षेत्रफल: | विद्यालय में स्थित एक मकान 340 वर्ग गज दूसरा मकान 344.45 वर्ग गज व तीसरा मकान 344.44 वर्ग गज का उपलब्ध है। इन तीनों मकानों का किराया नामा खालसा एजूकेशन सोसायटी/खालसा पब्लिक स्कूल के नाम पर किया गया है, तीनों किराये नामे की छाया प्रतियाँ संलग्न है। |
| 14. विद्यालय में निर्मित भवन का विवरण: | विद्यालय में निर्मित भवन का विवरण आवेदन-पत्र पर संलग्न है। |
| 15. विद्यालय में उपलब्ध भौतिक संसाधन: | विद्यालय में बिजली एवं पंखे आदि उपलब्ध है। सूची संलग्न। |
| 16. पुस्तकालय/वाचनालय: | विद्यालय में पुस्तकालय/वाचनालय हेतु 3 अल्मारी व 1514 पुस्तके उपलब्ध है। सूची संलग्न। |
| 17. क्रीडा सामग्री: | विद्यालय में क्रीडा सामग्री उपलब्ध है। सूची संलग्न। |
| 18. विज्ञान सामग्री: | विद्यालय में विज्ञान शिक्षण हेतु सामग्री उपलब्ध है। सूची संलग्न। |
| 19. शिक्षण सामग्री: | विद्यालय में शिक्षण सामग्री उपलब्ध है। सूची संलग्न। |
| 20. साज-सज्जा सामग्री: | विद्यालय में साज-सज्जा हेतु सामग्री उपलब्ध है। सूची संलग्न। |
| 21. प्राथमिक चिकित्सा सामग्री: | विद्यालय में प्राथमिक चिकित्सा का उचित प्रबन्ध है। सूची संलग्न। |
| 22. विद्यालय में कार्यरत स्टाफ का विवरण: | विद्यालय का स्टाफ स्टेटमेंट संलग्न है। विद्यालय कर्मचारियों को वेतन का भुगतान नकद किया जा रहा है। तथा पी०एफ० योजना लागू नहीं की गई है। कर्मचारियों की सेवा नियमावली बनाई गई है। सेवा नियमावली संलग्न है। |
| 23. विद्यालय में लिये जा शुल्क का विवरण: | विद्यालय द्वारा छात्र/छात्राओं से लिये जा रहे शुल्क का विवरण आवेदन-पत्र पर संलग्न है। |
| 24. विद्यालय का आय-व्ययक का विवरण: | विद्यालय के दो वर्ष का आय-व्ययक का प्रपत्र संलग्न है। |
| 25. विद्यालय के गत तीन वर्ष का परीक्षाफल: | विद्यालय के गत तीन वर्ष का परीक्षा फल प्रपत्र पर संलग्न है। |
| 26. प्रतिबन्धों की अवस्था: | उ०प्र०शासन द्वारा निर्दिष्ट प्रतिबन्ध "क" से "ज" तक सोसायटी बाइलाज में समाविष्ट किये गये है। |
| 27. संयुक्त शिक्षा निदेशक की आख्या: | विद्यालय की उक्त स्थलीय निरीक्षण आख्या प्रेषित है। |

Rawat
प्रबन्धक
खालसा पब्लिक हाई स्कूल
खालसा नगर, नवीन नगर, सं०पुर

(कु० रेखा शर्मा)
संयुक्त शिक्षा निदेशक,
सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर

प्रेषक,

संयुक्त शिक्षा निदेशक,
सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर।

सेवा में,

प्रबन्धक,
खालसा पब्लिक हाईस्कूल,
खालसा गार्डन, नवीन नगर,
सहारनपुर।

पत्रांक/मा0मु0नगर/प्र0यो0/ 15582-84 /1999-2000, दिनांक: 09/3/2000

विषय: खालसा पब्लिक हाईस्कूल, खालसा गार्डन, नवीन नगर, सहारनपुर की हाईस्कूल हेतु प्रशासन योजना का अनुमोदन।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक जिला विद्यालय निरीक्षक, सहारनपुर के पत्रांक एस0टी0/20566/99-2000, दिनांक 26.02.2000 के द्वारा अनुमोदन हेतु मण्डल कार्यालय में प्राप्त आपके विद्यालय की प्रशासन योजना (जो शिक्षा संशोधित अधिनियम-1980) प्रथम एक्ट 1981 की (तृतीय अनुसूची के अनुसार संशोधित है), को शिक्षा निदेशक की आज्ञा संख्या सी0डी0/2439/बारह-66, दिनांक सितम्बर 23, 1959 (जो उत्तर प्रदेशीय गजट भाग-1 दिनांक अक्टूबर 3, 1959 में प्रकाशित हुआ) के द्वारा प्राप्त अधिकार के प्रयोग से मैं अनुमोदित करती हूँ। यथाविधि अनुमोदित प्रशासन योजना की एक प्रति आवश्यक कार्यवाही हेतु संलग्न की जाती है।

2- अब आप कृपया अपने विद्यालय की प्रबन्ध समिति का गठन अनुमोदित प्रशासन योजना के अनुसार करें। प्रबन्ध समिति के गठन की सूचना निर्धारित प्रपत्र में तैयार करके अपने जिले के जिला विद्यालय निरीक्षक को तथा एक प्रति इस कार्यालय को सूचनार्थ निश्चित समय पर अवश्य भेजते रहें। प्रबन्ध समिति में कोई भी सदस्यों के आपस में सम्बन्धी न रहने के विषय मे प्रशासन योजना में प्राविधान के अनुसार सर्टिफिकेट भी उक्त सूचना के साथ अवश्य भेजते रहें।

3- कृपया इस प्रशासन योजना की प्रति की प्राप्ति स्वीकार करें तथा इसकी प्रति साधारण सभा के सभी सदस्यों को उपलब्ध करायी जाये।

भवदीय,

संलग्न: अनुमोदित प्रशासन योजना की प्रति का सेट।

(श्रीमती तारा काण्डपाल)
संयुक्त शिक्षा निदेशक,
सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर।

पृ0सं0/मा0मु0नगर/प्र0यो0/ /1999-2000, दिनांकउक्तवत।

उपर्युक्त की प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. जिला विद्यालय निरीक्षक, सहारनपुर को उनके उक्त सन्दर्भित पत्र दिनांक 26.02.2000 के सन्दर्भ में प्रशासन योजना की प्रति के सेट सहित।
2. क्षेत्रीय सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद (मान्यता अनुभाग) क्षेत्रीय कार्यालय मेरठ को प्रशासन योजना की प्रति के सेट सहित।

(श्रीमती तारा काण्डपाल)
संयुक्त शिक्षा निदेशक,
सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर।